Central Railway in which the Railways have been losing around Rs. 10 lakh each month;

(b) if so, the details thereof; and

(c) the action taken or proposed to be taken in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFARIS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION (SHRI RAM NAIK): (a) No, Sir.

(b) and (c) Do not arise.

**रेल टिकटों का उपलब्ध न होना**

2012. **श्री ईश दत्त यादव:**
**प्रो० रामगोपाल यादव:**

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) नई दिल्ली, दिल्ली जंक्शन और हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को रेल टिकटें/आरक्षण टिकटें उपलब्ध न होने के क्या कारण हैं;

(ख) क्या रेल अधिकारी यात्रियों की सहायता करना चाहते हुए भी उनकी मदद करने की स्थिति में नहीं हैं, यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) सरकार द्वारा नई दिल्ली, दिल्ली जंक्शन और हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशनों पर दलालों के आधिपत्य को समाप्त करने और आरक्षण काउंटरों से यात्रियों की टिकटें/आरक्षण प्रदान करने के लिए क्या प्रभावी दंडात्मक कार्यवाही की जा रही है?

**रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री, संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राम नाईक):** (क) दिल्ली, नई दिल्ली और हजरत निजामुद्दीन स्टेशनों पर टिकट की कोई कमी नहीं है। इन स्टेशनों पर मुद्रित कार्ड टिकट और स्वमुद्रण टिकट मशीन (एस०पी०टी०एम०) के बंडल पर्याप्त मात्रा में मुहैया कराए गए हैं।

उत्तर रेलवे के सभी स्थानों पर सभी गंतव्यों के लिए पहले आओ पहले पाओ के आधार पर कम्प्यूटरों के माध्यम से आरक्षित टिकट जारी किए जाते हैं। आरक्षित स्थान के पूर्णरूप से बुक होने के पश्चात यात्रियों को आर०ए०सी० और प्रतीक्षा सूची में रखा जाता है।

(ख) संपर्क करने पर अधिकारी यात्रियों का उचित मार्गदर्शन करते हैं परंतु वे किसी यात्री का अनुचित पक्ष नहीं ले सकते हैं और यह संभव भी नहीं है क्योंकि आरक्षण बिना मानवीय हस्तक्षेप के कम्प्यूटरों प्रणाली के माध्यम से किया जाता है। बहरहाल, जब कभी व्यवहार्य होता है तो भीड़ को कम करने के लिए अतिरिक्त डिब्बे लगाए जाते हैं।

(ग) दलालों और अन्य असामाजिक तत्वों की गतिविधियों को रोकने के लिए बहुत से कदम उठाए गए हैं जिनमें दिल्ली क्षेत्र सहित सभी प्रमुख स्टेशनों पर नियमित रूप से विशेष अभियान चलाने के लिए सर्तकता, जालसाजी रोधी तथा रेलवे सुरक्षा बल के कर्मचारियों से विशेष दल गठित करना तथा पूजा, ग्रीष्म कालीन भीड़-भाड़ की व्यस्त अवधि के दौरान सदाशयी उपयोगकर्ताओं को आरक्षण की उपलब्धता सुनिश्चित करना शामिल है।

**रेलवे पास का जारी किया जाना**

2013. श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया:
श्री राज मोहिन्दर सिंह:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि रेलवे द्वारा विभिन्न श्रेणी के लोगों के लिए रेलवे में मुफ्त यात्रा करने की सुविधा देने हेतु पास जारी किये जाते हैं;

(ख) यदि हां, तो ये निर्धारित श्रेणियां कौन-कौन सी हैं, तथा इन श्रेणियों के लिए गत 1995-96, 1996-97 तथा 1997-98 में अलग-अलग कितने-कितने पास जारी किए गए हैं; और

(ग) चालू वित्तीय वर्ष में जनवरी, 1999 के अंत तक कुल कितने पास विभिन्न श्रेणियों के लोगों के लिए जारी किये गये हैं?

**रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री, संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राम नाईक:** (क) जी हां।

(ख) और (ग) वर्ष 1995-96 1996-97 1997-98 तथा 1998-99 (जनवरी, 1999 तक) के लिए विभिन्न कोटियों को जारी किए गए मानार्थ रेलवे पासों की संख्या निम्नानुसार है:—

| क्र० सं० | कोटि | 1995-96 | 1996-97 | 1997-98 | 1998-99 (जन० 99 तक) |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | कार्ड पास | | | | |
| 1. | स्वतंत्रता सैनानी | 41,999 | 38881 | 31,174 | 30,602 |
| 2. | रेल मंत्री के स्वविवेक पर व्यक्ति विशेष और संगठन | 315 | 425 | 518 | 122 |
| 3. | भूतपूर्व रेल मंत्री, राज्य मंत्री तथा उप मंत्री | 4 | 5 | 14 | — |
| 4. | संसद के भूतपूर्व सदस्य | 1301 | 1670 | 1694 | 1534 |
| 5. | अर्जन पुरस्कार पाने वाले/ओलंपिक पदक विजेता एशियाई तथा राष्ट्रमंडल स्वर्ण पदक विजेता | — | 337 | 342 | 382 |
| 6. | वीरता पुरस्कार पाने वाले (रक्षा) | — | 467 | 714 | 735 |
| 7. | वीरता पुरस्कार पाने वाले (पुलिस) | — | 243 | 687 | 674 |
| 8. | भारतीय राष्ट्रीय खेल-कूद संघ के अध्यक्ष/सचिव | — | 46 | 46 | 38 |
| 9. | हिंदी सलाहकार समिति के गैर-सरकारी सदस्य | 27 | 27 | 37 | 35 |
| 10. | दोणाचार्य पुरस्कार पाने वाले | — | — | — | 2 |
| | जोड | 43,646 | 42,101 | 35,226 | 34,124 |
| (ख) | चैक पास | | | | |
| | विवेकाधिकार के अंतर्गत दिए जाने वाले चैक पास | 3273 | 6161 | 4018 | 63 |

(d) whether Government have received any representations from these workers; and

(e) if so, the action taken thereon?

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DR. MURLI MANOHAR JOSHI): (a) to (e) The National Council of Science Museums, Calcutta, an autonomous organisation fully funded by the Department of Culture has informed that in pursuance of the decision taken by the Governing Body of NCSM, Nehru Science Centre, Mumbai never recruited any employee in Group 'D' grades. The security and conservancy services are availed of by the Centre by engaging agencies on contract for specific periods of time by inviting tender through press advertisements. After expiry of term of previous agency, a fresh contract is made after inviting tenders through Press advertisement. The outgoing agency withdraws its employees. The NCSM nor the Department of Culture has any legal responsibility towards the contract labour. The NCSM Employees Union have represented to this Department in this regard and stated that 10 contract

**Terminating Services of Group 'D' workers of NSC**

2014. SHRI JIBON ROY:
SHRI C.O. POULOSE:

Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether serveral Group 'D' workers are working in Nehru Science Centre, Mumbai, for the last twenty years;

(b) whether services of twenty employees have been terminated by the management with effect from 1st January, 1999;

(c) if so, the reasons therefor;